# शासकीय स्वशासी महात्मा गांधी स्मृतिं चिकित्सा महाविद्यालय, इन्दौर

कमांक / 15744 / स्था. / वि. / नर्सिंग / 2023 इन्दौर, दिनांक 27/9/23

## / / विज्ञप्ति / /

"मध्यप्रदेश स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय चिकित्सकीय सेवा आदर्श नियम 2018" के अंतर्गत शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय, इन्दौर में शैक्षणिक संवर्ग के प्राचार्या (प्राध्यापक) / उप–प्राचार्या (प्राध्यापक) / प्राध्यापक / सह–प्राध्यापक / सहायक प्राध्यापक के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु **केवल मध्यप्रदेश के इन–सर्विस अभ्यार्थी / उम्मींदवार एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के अंतर्गत कार्यरत अधिकारी / कर्मचारियों** से संचालक, चिकित्सा शिक्षा मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा अनुमोदित अनुसूची एवं इंडियन नर्सिंग काउंसिल, नई दिल्ली द्वारा निर्धारित अर्हताधारी अभ्यार्थी / उम्मींदवारों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं :–

**आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि 28.10.2023 है।**

रिक्त पदों का विवरण निम्नानुसार है :–

| कं | पदनाम | रिक्त पदों की संख्या | रोस्टर अनुसार श्रेणीवार पद संख्या | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | UR | SC | ST |
| 1 | प्राचार्या (प्राध्यापक) | 01 | 01 | 00 | 00 |
| 2 | उप–प्राचार्या (प्राध्यापक) | 01 | 01 | 00 | 00 |
| 3 | प्राध्यापक | 03 | 02 | 00 | 01 |
| 4 | सह–प्राध्यापक | 07 | 05 | 01 | 01 |
| 5 | सहायक प्राध्यापक | 11 | 08 | 01 | 02 |
| | कुल | 23 | 17 | 02 | 04 |

**नोट :–पदों की संख्या में आवश्यकता होने पर कमी या वृद्धि की जा सकती है।**

उक्त पद पर नियुक्ति हेतु पात्र **उम्मीदवारों** से निर्धारित प्रपत्र पर आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं आवेदन पत्र कार्य दिवस में जमा करने की **अंतिम तिथि 28.10.2023 को सांय 05.00 बजे** तक है। **विस्तृत जानकारी एवं आवेदन पत्र का निर्धारित प्रारूप, की जानकारी एवं शुल्क इत्यादि** की जानकारी शासकीय स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय की वेबसाईट www.mgmmcindore.in पर उपलब्ध है, आवेदन का प्रारूप उक्त वेबसाईट से डाउनलोड करें।

आवेदन पत्र डाक द्वारा अथवा व्यक्तिगत रूप से **DEAN & C.E.O., GOVERNMENT AUTONOMUS M.G.M. MEDICAL COLLEGE, A.B. ROAD, INDORE (M.P.)-452001** के कार्यालय में निर्धारित अंतिम तिथि तक जमा कराए जा सकते हैं। **आवेदन फॉर्म में लिफाफे पर आवेदित पद का नाम एवं श्रेणी का उल्लेख अनिवार्य रूप से करे।** किसी भी स्थिति में निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। योग्य उम्मींदवारों की सूची एवं साक्षात्कार की तिथि पृथक से संस्था की वेबसाईट पर उपलब्ध कराई जायेगी, इस हेतु वेबसाईट का अवलोकन अवश्य करें।

Dean & C.E.O.
M.G.M. Medical College &
Associate Hospitals
(Autonomous Society) Indore (M.P.)

## 1.अर्हताएं :–

(अ) वेतनमान – शैक्षणिक संवर्ग के पदों पर नियमित स्वशासी नियुक्ति हेतु

| | | |
|---|---|---|
| प्राध्यापक (प्राचार्या) | – | 15600–39100+5400 ग्रेड–पे +डी0ए0<br>(सातवें वेतनमान रू. 56100–177500 वेतन मेट्रिक्स लेवल–12) |
| प्राध्यापक (उप–प्राचार्या) | – | 15600–39100+5400 ग्रेड–पे +डी0ए0<br>(सातवें वेतनमान रू. 56100–177500 वेतन मेट्रिक्स लेवल–12) |
| प्राध्यापक | – | 15600–39100+5400 ग्रेड–पे + डी0ए0<br>(सातवें वेतनमान रू. 56100–177500 वेतन मेट्रिक्स लेवल–12) |
| सह–प्राध्यापक | – | 9300–34800+4800 ग्रेड–पे+डी0ए0<br>(सातवें वेतनमान रू. 49100–155800 वेतन मेट्रिक्स लेवल–11) |
| सहायक प्राध्यापक | – | 9300–34800+4200 ग्रेड–पे+डी0ए0<br>(सातवें वेतनमान रू. 42700–135100 वेतन मेट्रिक्स लेवल–10) |

टीप – समस्त पदों के लिये राज्य शासन द्वारा समय समय पर स्वीकृत वेतनमान एवं अन्य भत्ते आदि देय होंगे।

2. पदों पर आरक्षण राज्य शासन के द्वारा समय समय पर जारी आदेशों के अनुसार होगा।

- जाति प्रमाण पत्र : आरक्षण का लाभ सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करने पर ही दिया जायेगा।

3. शैक्षणिक अर्हताये :–

(1) **प्राध्यापक (प्राचार्या) पद हेतु शैक्षणिक अर्हता** –एम.एस.सी नर्सिंग डिग्री धारक के साथ 15 वर्ष का अनुभव जिसमें से 12 वर्ष का शैक्षणिक कार्य अनुभव के साथ 05 वर्ष का महाविद्यालय स्तर पर शैक्षणिक अनुभव। नर्सिंग विषय में पी.एच.डी को प्राथमिकता, 05 वर्ष का प्रशासकीय कार्य अनुभव, नर्सिंग शिक्षा के संबंधित राष्ट्रीय/अन्तर–राष्ट्रीय जर्नल में दो रिसर्च पेपर का प्रकाशन होना अनिवार्य हैं। **प्राध्यापक(प्राचार्या) हेतु प्राध्यापक स्तर के अभ्यार्थी ही पात्र होंगे।**

(2) **प्राध्यापक (उप–प्राचार्या) पद हेतु शैक्षणिक अर्हता** –एम.एस.सी नर्सिंग डिग्री धारक के साथ 12 वर्ष का अनुभव जिसमें 10 वर्ष का शैक्षणिक अनुभव के साथ 05 वर्ष का महाविद्यालय स्तर पर शैक्षणिक अनुभव। नर्सिंग विषय में पी.एच.डी को प्राथमिकता, 05 वर्ष का प्रशासकीय कार्य अनुभव, नर्सिंग शिक्षा के संबंधित राष्ट्रीय/अन्तर–राष्ट्रीय जर्नल में दो रिसर्च पेपर का प्रकाशन होना अनिवार्य हैं। **प्राध्यापक (उप–प्राचार्या) हेतु प्राध्यापक स्तर के अभ्यार्थी ही पात्र होंगे।**

(3) **प्राध्यापक पद हेतु शैक्षणिक अर्हता** –एम.एस.सी नर्सिंग डिग्री धारक एवं 10 वर्ष का अनुभव जिसमें से 07 वर्ष का शैक्षणिक अनुभव। नर्सिंग विषय में पी.एच.डी को प्राथमिकता, नर्सिंग शिक्षा के संबंधित राष्ट्रीय/अन्तर–राष्ट्रीय जर्नल में दो रिसर्च पेपर का प्रकाशन होना अनिवार्य हैं। **प्राध्यापक हेतु सह–प्राध्यापक स्तर के अभ्यार्थी ही पात्र होंगे।**

(4) **सह–प्राध्यापक पद हेतु शैक्षणिक अर्हता** –एम.एस.सी नर्सिंग डिग्री धारक के साथ 08 वर्ष का अनुभव जिसमें से 05 वर्ष का शैक्षणिक अनुभव। नर्सिंग विषय में पी.एच.डी को प्राथमिकता, नर्सिंग शिक्षा के संबंधित राष्ट्रीय/अन्तर–राष्ट्रीय जर्नल में दो रिसर्च पेपर का प्रकाशन होना अनिवार्य हैं। **सह–प्राध्यापक हेतु सहायक प्राध्यापक स्तर के अभ्यार्थी ही पात्र होंगे।**

(5) **सहायक प्राध्यापक पद हेतु शैक्षणिक अर्हता** –एम.एस.सी नर्सिंग डिग्री धारक के साथ 03 वर्ष का शैक्षणिक कार्यअनुभव। नर्सिंग विषय में पी.एच.डी को प्राथमिकता। नर्सिंग शिक्षा के संबंधित राष्ट्रीय/अन्तर–राष्ट्रीय जर्नल में दो रिसर्च पेपर का प्रकाशन होना अनिवार्य हैं। **सहायक प्राध्यापक हेतु ट्यूटर स्तर के अभ्यार्थी ही पात्र होंगे।**

Dean & C.E.O.
M.G.M. Medical College &
Associate Hospitals
(Autonomous Society) Indore (M.P.)

नोट :–

1. पदों पर आरक्षण राज्य शासन द्वारा समय समय पर जारी आदेशों के अनुसार है। आरक्षण का लाभ जाति प्रमाण पत्र सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर ही दिया जायेगा ।
2. नर्सिंग शिक्षक को उसके पद के अनुरूप कर्त्तव्यों का तथा समय–समय पर सौपे गये प्रशासनिक दायित्वों का निर्वहन करना होगा।
3. आवेदक द्वारा आवेदन पत्र में वांछित दस्तावेज संलग्न न करने पर अपूर्ण आवेदन पत्र को अमान्य किया जावेगा तथा किसी भी तरह का पत्राचार मान्य नहीं होगा।
4. आवेदक पूर्व से जिस संस्था में कार्यरत है उस संस्था का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा तथा चयनित होने के स्थिति में त्याग पत्र स्वीकृति प्रमाण प्रस्तुत करना होगा। चयन प्रक्रिया हेतु किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नही होगा।
5. **आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथिः**–शासकीय स्वशासी म0गॉ0स्मृ0 चिकित्सा महाविद्यालय, इन्दौर में आवेदन पत्र **दिनांक** 28/10/23 **को** सायं 05.00 बजे तक प्राप्त हो जाना चाहिये। आवेदन व्यक्तिगत रूप से कार्यालय में जमा कराये जा सकते है। किसी भी स्थिति में निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नही किया जावेगा।
6. चयन प्रक्रिया हेतु किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नही होगा।
7. साक्षात्कार के समय अभ्यर्थी अपना पासपोर्ट साइज के दो रंगीन फोटो एवं समस्त दस्तावेजों की दो–दो छायाप्रति स्वप्रमाणित साथ लेकर अनिवार्य रूप से आवें।
8. **अभ्यार्थी का मध्यप्रदेश नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल, भोपाल में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है।**

**4. निरर्हतायें–**

6–1 विकृत चित्त वाला होने पर।

6–2 दुश्चरित्र होने पर।

6–3 शारीरिक दुर्बलता के कारण व्यक्ति अपने कर्तव्य बोध एवं दायित्व को पूरा नहीं कर सकता हो।

6–4 नियुक्ति के लिये प्रयास/अनुशंसा – किसी भी उम्मीदवार की ओर से अपनी उम्मीदवारी की सहायता प्राप्त करने हेतु किसी भी जरिये से किया गया कोई भी प्रयास/अनुशंसा उसके लिये अनर्हकारी माना जायेगा।

6–5 विवाह संबंधी–जिस उम्मीदवार ने न्यूनतम निर्धारित आयु (पुरूष वर्ग के लिये 21 वर्ष एवं महिला वर्ग के लिये 18 वर्ष) से पूर्व विवाह कर लिया होगा उसे इन पदों पर चयन हेतु अयोग्य माना जायेगा। कोई भी ऐसे महिला/पुरूष उम्मीदवार जिसने किसी ऐसे पुरूष/महिला से विवाह किया हो, जिसकी पहले से जीवित पत्नी/पति हो, ऐसे महिला/पुरूष नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होंगे।

6–6 जिस आवेदक की दो से अधिक संतान हो एव जिसमें से तीसरी संतान का जन्म दि.26.01.2001 को या उसके पश्चात हुआ हो, नियुक्ति के लिये पात्र नही होगें ।

6–7 कूट रचित/फर्जी दस्तावेज एवं चयन के स्तर पर जानकारी छिपाये जाने/अभिलेख फेरबदल कर प्रस्तुत करने पर।

6–8 कदाचरण संबंधी – किसी भी ऐसे उम्मीदवार को नियुक्त नहीं किया जावेगा, यदि उसने शासन या स्थानीय प्राधिकारी की सेवा के कदाचरण के लिये परिणामस्वरूप पदच्युत कर दिया गया हो यदि उसे नैतिक पतन के अपराध पर दोष सिद्ध ठहराया गया हो।

6–9 ऐसा उम्मीदवार जिसके विरूद्ध नैतिक पतन का आपराधिक प्रकरण न्यायालय मे विचाराधीन है अथवा वह नैतिक पतन के आपराधिक मामले में दोष सिद्ध हुआ हो।

**महत्वपूर्ण टीप** :–यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी स्वयं आवेदक की होगी कि वे अपने आवेदित पद के लिये निर्धारित समस्त अर्हतायें और शर्तो को पूरा करते है। अतः आवेदन करने के पहले आवेदक अपनी अर्हता की जांच स्वयं करे ले ओर अर्हता की समस्त शर्ते पूरा करने पर ही आवेदन पत्र भरे। चयन के किसी भी स्तर पर आवेदक के अनर्ह पाये जाने पर उसका आवेदन पत्र निरस्त कर उसकी उम्मीदवारी समाप्त की जायेगी। आवेदक के विरूद्ध पुलिस प्रकरण अथवा किसी भी प्रकार की जांच न हो जिसके कारण आवेदक की नियुक्ति प्रभावित होती हो, इस आषय से संबंधित घोषणा पत्र जो की आवेदन के प्रारूप में दिया गया है। यह शर्त भी उसमें समाहित रहेगी।

(डॉ. संजय दीक्षित)
मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता
शा.स्व. महात्मा गॉधी स्मृति. चिकित्सा महाविद्यालय,इन्दौर

Dean & C.E.O.
M.G.M. Medical College &
Associate Hospitals
(Autonomous Society) Indore (M.P.)

# आवेदन का प्रारूप

## प्राचार्या / उप–प्राचार्या / प्राध्यापक / सह–प्राध्यापक / सहायक प्राध्यापक के पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन–पत्र

**(अंतिम तिथि 28.10.2023 )**

(केवल मध्यप्रदेश के इन–सर्विस अभ्यार्थी / उम्मींदवार एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के अभ्यार्थियों हेतु)

आवेदित पद का नाम :– ..............................................................................................

विषय :– ............................................................................................................

| स्व प्रमाणित फोटो |
|---|

नोटः सभी जानकारी आवेदक द्वारा पूर्ण की जावे।

आवेदन शुल्कः– आवेदन शुल्क रूपये अनारक्षित–1500 / – आरक्षित श्रेणी हेतु 1000 / –का आनलाईन (NEFT/UPI , etc.) स्टेट बैंक आफ इण्डिया एम.वाय.एच.केम्पस, इन्दौर के (Account No. 53003590071) (IFSC :- SBIN0030359) (M.G.M.Medical College, (Autonomous Society ) Indore के नाम से जमा कर रसीद संलग्न करें। (डिमांड ड्राफ्ट स्वीकार नहीं होंगे।)

1. आवेदक का नाम ..............................................................................
2. पुरूष / महिला.......................................................................................
3. पिता / पति का नाम (उपनाम सहित)......................................................
4. वर्तमान निवास स्थान का पता (पिनकोड सहित)...........................................
   ...........................................................................................................
   शहर का नाम.............................. फोन नं.................................................
   मोबाइल नं...............................ई.मेल.आई.डी............................................
5. स्थाई पता.............................................................................................
   ...........................................................................................................
   शहर का नाम.............................. फोन नं.................................................
   मोबाइल नं.............................................................................................
6. आधार कार्ड नम्बर (हो तो)छायाप्रति संलग्न करें। ........................................
7. जन्मतिथि (हाईस्कूल परीक्षा की अंकसूची संलग्न करें)......................................
8. दिनांक 01.01.2023 को आवेदक की आयु ........दिन.......माह.........वर्ष......................
9. आवेदक वैवाहिक स्थिति – विवाहित / अविवाहित
10. विवाह का दिनांक..................................
11. वर्ग : अनारक्षित / अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछडा वर्ग /आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग / विकलांग .................... (आरक्षित श्रेणी हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाणपत्र की छायाप्रति संलग्न करें )
12. म0प्र0 नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउन्सिल का पंजीयन क्रमांक एवं नाम तथा दिनॉक ...................
    अ. बी.एस.सी.नर्सिंग / पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग–
    ब. एम.एस.सी. नर्सिंग–
    स. पी.एच.डी.–
13. शैक्षणिक योग्यताऐं:– (प्रमाण–पत्र एवं अंकसूची की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें)

| क्र | परीक्षा का नाम | संस्था / बोर्ड / वि.वि. | वर्ष | विषय | प्राप्तांक / पूर्णांक | प्रतिशत | प्रयास (Attempt) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | B.Sc./Post Basic B.Sc. Nursing First Year | | | | | | |
| 2 | B.Sc./Post Basic B.Sc. Nursing Second Year | | | | | | |
| 3 | B.Sc./Post Basic B.Sc. Nursing Third Year | | | | | | |
| 4 | B.Sc./Post Basic B.Sc. Nursing Final Year | | | | | | |
| 5 | M.Sc. Nursing | | | | | | |
| 6 | PhD (Nursing) | | | | | | |

(प्रत्येक वर्ष का पृथक–पृथक भरे)

14. शैक्षणिक अनुभव :–

| क्रमांक | पदनाम | शा.नर्सिंग महाविद्यालय / संस्था का नाम | पद पर कार्यभार ग्रहण का दिनांक | कुल शैक्षणिक अनुभव |
|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | |

15. क्लीनिकल अनुभव :–

| क्रमांक | पदनाम | चिकित्सालय का नाम | पद पर कार्यभार ग्रहण का दिनांक | कुल क्लीनिकल अनुभव |
|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | |

रिसर्च पब्लिकेशन :–

| क्रमांक | पदनाम | रिसर्च पब्लिकेशन की संख्या आई.एन.सी. नार्म्स अनुसार |
|---|---|---|
| 1 | | |

16. संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची (स्वप्रमाणित फोटोकॉपी संलग्न करे)।

1. जन्मतिथि के लिये कक्षा 10 वीं की अंकसूची
2. बी.एस.सी.नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग की अंकसूचियां।
3. एम.एस.सी. नर्सिंग की अंकसूचियां।
4. पी0एच0डी0 नर्सिंग की अंकसूचियां।
5. म0प्र0 नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल, भोपाल का पंजीयन प्रमाण पत्र (बी.एस.सी./पोस्ट बेसिक बी.एस.सी./एम.एस.सी.)
6. रिसर्च पब्लिकेशन।
7. जाति प्रमाण पत्र (केवल आरक्षित श्रेणी के लिये है।)
8. स्थानीय निवास प्रमाण पत्र (आरक्षित वर्ग हेतु)
9. आधार कार्ड
10. प्रशिक्षण/कांफ्रेस पुरस्कार प्रमाण पत्र
11. विज्ञापित पद अनुसार शैक्षिणिक योग्यता इत्यादि के प्रमाण पत्र संलग्न करे।

स्थान..............................

आवेदक का पूरा नाम एवं हस्ताक्षर

दिनॉक............................

//घोषणा–पत्र//

1. मैं प्रमाणित करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त जानकारी पूर्ण एवं सत्य है। जानकारी असत्य होने की दशा में मेरा आवेदन पत्र/नियुक्ति पत्र निरस्त किया जा सकेगा।
2. मेरे विरूद्ध पुलिस प्रकरण में एफ.आई.आर.दर्ज नही है, और मेरे विरूद्ध कोई विभागीय जॉच प्रचलन में नही है।
3. मैं प्रमाणित करता/करती हूँ कि मुझे नैतिक पतन के किसी अपराध मे किसी न्यायालय द्वारा न तो दोषी पाया गया है और न ही मेरे विरूद्ध इस प्रकार का कोई प्रकरण किसी भी न्यायालय मे विचाराधीन है।
4. **"मध्यप्रदेश स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय चिकित्सकीय सेवा आदर्श नियम, 2018"** मुझ पर पूर्णरूपेण बंधनकारी होंगे।

आवेदक का पूरा नाम एवं हस्ताक्षर